सत्यमेव जयते

रक्षा मंत्री
भारत
MINISTER OF DEFENCE
INDIA

संदेश

हमारे सैनिकों के साथ राष्ट्र की एकजुटता दिखाने के लिए प्रत्येक वर्ष 07 दिसम्बर को सशस्त्र सेना झण्डा दिवस मनाया जाता है। इस दिन बाहरी तथा आंतरिक खतरों से हमारे देश की रक्षा करने में हमारे बहादुर सैनिकों की वीरता तथा उनके सर्वोच्च बलिदान को याद किया जाता है। यह वह दिन है जब हम सशस्त्र सेनाओं द्वारा दिखाई गई असाधारण पेशेवर योग्यता तथा कर्त्तव्यपरायणता को सलाम करते हैं।

हमारे देश की संप्रभुता तथा अखंडता की रक्षा करते समय हमारे अनेक सैनिकों ने अपने प्राण न्यौछावर कर दिए हैं। इस दिन हम सर्व-साधारण से सशस्त्र सेना झण्डा दिवस निधि के लिए अंशदान एकत्र करते हैं जो अन्य के साथ-साथ युद्ध विधवाओं, शहीदों के बच्चों तथा निःशक्त सैनिकों के कल्याण तथा पुनर्वास के लिए इस्तेमाल की जाती है।

मैं देश के नागरिकों से अपील करती हूँ कि सशस्त्र सेना झण्डा दिवस निधि में खुल दिल से अंशदान करें और हमारे शहीद सैनिकों के परिवारों को संदेश दें कि पूरा राष्ट्र उनके साथ है।

"जय हिन्द"

नई दिल्ली
20 अक्तूबर, 2017

Nirmala

(निर्मला सीतारमण)

कार्यालय : 104, साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली-110011, फोन : +91 11 23012286, +91 11 23019030 फैक्स: +91 11 23015403
Office : 104, South Block, New Delhi-110011, Ph. : +91 11 23012286, +91 11 23019030 Fax : +91 11 23015403